आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 297 | उज्जैन, मंगलवार 16 सितम्बर 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# जैसे मां के चरणों में चारधाम, वैसे ही मातृभाषा की गोद में आनंदधाम-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वैश्विक मंचों पर बढ़ाया है हिन्दी का मान

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मां और मातृभाषा से ऊपर दूसरा कोई नहीं है। मां और मातृभाषा ही हमारी सबसे बड़ी पालक हैं। इनका स्थान कोई नहीं ले सकता है, जैसे मां के चरणों में चारधाम है, उसी प्रकार मातृभाषा की गोद में आनंदधाम है। जितना सटीक हमारी मातृभाषा का व्याकरण है, उतना ही समृद्ध हिन्दी साहित्य है। उन्होंने कहा कि 52 वर्णों में गुंथी हुई हिन्दी की वर्णमाला ही हमारी पहली पाठशाला है।



जो अ से अनपढ़ बच्चे की अंगुली पकड़कर ज्ञ से ज्ञानी बना दे, वही हिन्दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हिन्दी विश्व की सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है। अंग्रेजी और मंदारिन के बाद हिन्दी विश्व की तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। हिन्दी हमारी संस्कृति को जोड़ती है। हिन्दी के बिना हमारा साहित्य, हमारी भावनाएं और हमारी संवेदनाएं यकीनन अधूरी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को रवीन्द्र भवन के हंसध्?वनि सभागार में हिन्दी दिवस के अनुक्रम में आयोजित भारतीय मातृभाषा अनुष्ठान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में हिन्दी साहित्य लेखन और हिंदी के व्यापक स्तर पर लोकव्यापीकरण में योगदान देने वाले देश-विदेश के हिन्दी के 10 मूर्धन्य साहित्यकारों को विभिन्न राष्ट्रीय हिन्दी भाषा सम्मानों से सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न साहित्यिक पुस्तकों का विमोचन/लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम के दौरान ही महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा आयोजित विक्रमोत्सव 2025 को एशिया के शासकीय समारोह की विशेष श्रेणी में वॉव अवार्ड एशिया की टीम द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सम्मान स्वरूप गोल्ड अवार्ड भेंट किया गया।

## अमित शाह ने किया वीर सावरकर खेल परिसर का उद्घाटन, बोले- अहमदाबाद बनेगा खेल राजधानी



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने रविवार को अहमदाबाद में वीर सावरकर खेल परिसर का उद्घाटन किया।


उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम, निर्माणाधीन सरदार पटेल खेल परिसर और विश्व स्तरीय वीर सावरकर खेल परिसर जैसी अनुकरणीय सुविधाओं के साथ अहमदाबाद देश की खेल राजधानी बनेगा।

शाह ने कहा कि 2036 तक विभिन्न प्रकार के 13 अंतरराष्ट्रीय आयोजनों की मेजबानी करके अहमदाबाद को न केवल गुजरात में, बल्कि पूरे भारत में खेलों का केंद्र बनाने की तैयारी चल रही है।

शाह ने कहा कि 2029 के विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेल अहमदाबाद में ही आयोजित किए जाएंगे, जबकि अहमदाबाद को 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन की मंजूरी मिलने की पूरी संभावना है।

उन्होंने बताया कि 1.19 लाख वर्ग मीटर में फैले वीर सावरकर खेल परिसर में खेलने, प्रशिक्षण, चिकित्सा सुविधाएं, खेल आहार विशेषज्ञों के मार्गदर्शन, थिएटर की व्यवस्था है। इसमें ओलंपिक स्तर का स्विमिंग पूल, खेल उत्कृष्टता केंद्र, खेल विज्ञान प्रयोगशाला, पोषण प्रयोगशाला, इनडोर मल्टी स्पोर्ट्स एरिना और सामुदायिक खेल केंद्र भी हैं।

## ताजमहल को गिराने पहुंचा बुलडोजर, तोड़ा जा रहा है गुंबद; अजमेर का 7वंडर पार्क क्यों होगा जमींदोज?



नई दिल्ली (एजेंसी)। दुनिया के सात अजूबों में शुमार ताजमहल उत्तर प्रदेश के आगरा में मौजूद है। मगर, देश के कई राज्यों में सेवन वंडर पार्क मौजूद है, जहां सात अजूबों के साथ ताजमहल भी देखने को मिला है। राजस्थान के अजमेर में भी स्थित सेवन वंडर पार्क भी काफी मशहूर है, जहां हूबहू ताजमहल जैसी इमारत मौजूद है। हालांकि, अब इसे तोड़ा जा रहा है।

अजमेर के सेवन वंडर पार्क में स्थित ताजमहल को पिछले कई दिनों से तोड़ा जा रहा है। कई मजदूर छीनी हथौड़ा लेकर ताजमहल का गुंबद तोड़ रहे हैं। ताजमहल से गिरे मलबे को हटाने के लिए बुलडोजर बुलाया गया है। भारी संख्या में पुलिस समेत कई टीमें यहां मौजूद हैं।

11 करोड़ की लागत से बना था पार्क- दरअसल राजस्थान के अजमेर शहर को स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के आधार पर संवारा जा रहा है। इसी कड़ी में शहर के भीतर 11.64 करोड़ रुपये की लागत से सेवन वंडर पार्क भी बनाया गया था। 2022 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस पार्क का उद्घाटन किया था।

बता दें कि यह पार्क अजमेर के लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हो चुका था। भारी संख्या में लोग यहां पिकनिक मनाने आते थे।

## एक्सीडेंट, किडनैपिंग और... मुंबई से लापता हुआ ट्रक ड्राइवर IAS पूजा खेड़कर के घर में मिला



नई दिल्ली (एजेंसी)। कुछ दिन पहले नवी मुंबई में एक ट्रक और कार के बीच भीषण टक्कर हो गई। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर अचानक गायब हो गया। पुलिस उसकी खोज में जुट गई। वहीं, ड्राइवर की लोकेशन पुणे में ट्रेस हुई। ड्राइवर की तलाश में जब पुलिस पुणे पहुंची, तो ड्राइवर IAS अधिकारी पूजा खेड़कर के घर में मिला।

जी हां, वही पूजा खेड़कर, जिसे कुछ समय पहले केंद्र सरकार ने निष्कासित कर दिया था। जालसाजी से परीक्षा पास करने के आरोप में संघ लोक सेवा आयोग ने भी उनकी नियुक्ति को रद कर दिया था।

मुंबई पुलिस के अनुसार, ट्रक ड्राइवर ने जिस कार को टक्कर मारी थी, उसका नंबर MH 12 RT 5000 था। हादसे के बाद कार में से 2 लोग निकले। उन्होंने ट्रक ड्राइवर प्रह्लाद कुमार को जबरन कार में बिठा लिया और अपने साथ लेकर चले गए।

जब पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो सबसे पहले कार को ट्रेस किया। यह कार ढ्रस पूजा खेड़कर के पुणे स्थित घर से बरामद की गई। पुलिस ने घर का दरवाजा खटखटाया तो पूजा की मां मनोरमा खेड़कर ने दरवाजा खोलने से मना कर दिया।

मनोरमा खेड़कर काफी देर तक पुलिस से बहस कर रही थीं और दरवाजा खोलने से साफ इनकार कर दिया। वहीं, जब पुलिस घर के अंदर पहुंची, तो ट्रक ड्राइवर प्रह्लाद वहीं मौजूद था। पुलिस ने उसे रेस्क्यू किया और मनोरमा को पूछताछ के लिए थाने आने का समन जारी किया गया है।

## एशिया कप में भारत-पाक भिडंत पर विपक्षियों ने पूछा सवाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद दुबई में हो रहे एशिया कप 2025 क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले को लेकर जमकर सियासत हुई। साथ ही देश में कई जगह प्रदर्शन भी हुए। इस हाई-वोल्टेज मुकाबले के विरोध में विपक्षी दलों ने रविवार को पूरे देश में विरोध-प्रदर्शन किया और लोगों से आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले देश के साथ इस मुकाबले का बहिष्कार करने का आह्वान किया। शिवसेना (यूबीटी) ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और जम्मू में विरोध प्रदर्शन किए, जबकि आम आदमी पार्टी के सदस्यों ने दिल्ली में प्रदर्शन किया। भाजपा और केंद्र पर निशाना साधते हुए शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने सत्तारूढ़ पार्टी के राष्ट्रवाद और देश प्रेम का मखौल उड़ाया।

राउत ने कहा कि भाजपा का हिंदुत्व एक तमाशा है। मुंबई राज्य ब्यूरो के अनुसार राउत ने कहा है कि इस मैच को लेकर देश की सामान्य जनता में रोष है। इसलिए प्रधानमंत्री ने इस मैच से जनता का ध्यान भटकाने के लिए मणिपुर जाने का निर्णय किया। इस बीच, पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रवक्ता आनंद दुबे के नेतृत्व में विरोध-प्रदर्शन किया, टीवी तोड़े और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) तथा केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। मुंबई में महिला कार्यकर्ताओं ने हाथ में सिंदूर लेकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता उदित राज ने भी तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मैच की अनुमति देने के पीछे व्यावसायिक हित हैं।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा खरीद मैनुअल 2025 को दी मंजूरी



नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा खरीद मैनुअल (डीपीएम) 2025 को मंजूरी प्रदान कर दी है, जिसका उद्देश्य राजस्व खरीद प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित, सरल, सक्षम और तर्कसंगत बनाना है ताकि सशस्त्र बलों की उभरती जरूरतों को पूरा किया जा सके।

यह सशस्त्र बलों के लिए उचित लागत पर आवश्यक संसाधनों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। साथ ही तीनों सेनाओं के बीच एकजुटता को बढ़ावा देगा। रक्षा मंत्रालय के अधिकारी ने यह जानकारी दी।

## पीएम मोदी ने कोलकाता में किया संयुक्त कमांडर सम्मेलन का उद्घाटन, सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर तीन दिन होगा मंथन



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कोलकाता में सेना की पूर्वी कमान मुख्यालय विजय दुर्ग में भारतीय सशस्त्र बलों के तीन दिवसीय 16वें संयुक्त कमांडर सम्मेलन (सीसीसी) का उद्घाटन किया।

15 से 17 सितंबर तक आयोजित होने वाले इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में देशभर से तीनों सेनाओं के शीर्ष कोर कमांडर्स एक मंच पर एकत्रित होकर सुरक्षा संबंधी विभिन्न मुद्दों, भावी रणनीति व सैन्य तैयारियों पर तीन दिनों तक गहन विचार मंथन करेंगे।

भारतीय सशस्त्र बल विजन 2047 दस्तावेज का भी अनावरण- प्रधानमंत्री ने सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में भाग लेते हुए ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सशस्त्र बलों की अनुकरणीय भूमिका की सराहना की और राष्ट निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला।

कोलकाता में रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता की ओर से एक जारी एक संक्षिप्त बयान में बताया गया कि इस मौके पर पीएम ने भविष्य के लिए तैयार भारतीय सशस्त्र बलों का मार्ग प्रशस्त करते हुए भारतीय सशस्त्र बल विजन 2047 दस्तावेज का भी अनावरण किया।

पीएम उद्घाटन सत्र में शीर्ष सैन्य कमांडरों के साथ सुबह से करीब साढ़े तीन घंटे से अधिक समय तक पूर्वी कमान मुख्यालय में रहे।

'सुधारों का वर्ष - भविष्य के लिए परिवर्तन- यह सम्मेलन सशस्त्र बलों का शीर्ष विचार-मंथन मंच है, जो देश के शीर्ष नागरिक और सैन्य नेतृत्व को वैचारिक और रणनीतिक स्तर पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए एक साथ लाता है।

बयान में बताया गया कि ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में आयोजित इस वर्ष के सम्मेलन में भारतीय सशस्त्र बलों में परिवर्तनकारी सुधारों और अभियानगत तैयारियों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस बार का विषय है 'सुधारों का वर्ष - भविष्य के लिए परिवर्तन'।

सम्मेलन में सेना के आधुनिकीकरण, संयुक्तता, एकीकरण और बहु-क्षेत्रीय युद्ध के लिए परिचालन तत्परता बढ़ाने सहित कई रणनीतिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है। इस सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और सेना, वायुसेना तथा नौसेना के प्रमुखों सहित शीर्ष सैन्य कमांडर भाग ले रहे हैं।

# कौन थे चंद्र मौली नागमल्लैया, अमेरिका में जिनका सिर धड़ से किया गया था अलग; ट्रंप ने किसे ठहराया दोषी?



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में रहने वाली भारतीय नागरिक चंद्र मौली नागमल्लैया की 10 सितंबर को हत्या कर दी गई। इस निर्मम हत्या का वीडियो भी सामने आया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, टूटी हुई वॉशिंग मशीन को लेकर हुए विवाद के कारण एक क्यूबा के नागरिक ने नागमल्लैया पर हमला किया और उनका सिर से धड़ से अलग कर दिया।

इस घटना का वीडियो भी सामने आया, जिसने सभी को हैरान कर दिया है। एक क्यूबाई नागरिक आप्रवासी चंद्र मौली नागमल्लैया के मोटल के गलियार में उनका पीछा करता नजर आ रहा है। इसके बाद दोनों के बीच कुछ विवाद होता है और क्यूबाई नागरिक ने नागमल्लैया पर हमला कर दिया।

कौन थे चंद्र मौली नागमल्लैया- एनडीटीवी की एक रिपोर्ट के अनुसार, चंद्र नागमल्लैया की उम्र 50 साल के करीब है। वह मूल रूप से कर्नाटक के निवासी थे। पिछले पांच साल से वह टेक्सस के डलास के शहर में डाउनटाउन सूट्स मोटल के प्रबंधक थे। उनके दोस्त और परिवार के सदस्य उन्हें बॉब के नाम से बुलाते थे।


नागमल्लैया की फेसबुक प्रोफाइल से पता चलता है कि उन्होंने इंदिरानगर कैम्ब्रिज स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की है। इसके बाद वह बेंगलुरु के बसवनगुडी स्थित नेशनल कॉलेज पहुंचे, जहां से आगे की पढ़ाई पूरी की। कथित तौर पर वह साल 2018 में अमेरिका गए थे। डलास से पहले वह सैन एंटोनियो में रहते थे।

जानकारी के अनुसार, नागमल्लैया के परिवार में उनकी पत्नी निशा और उनका एक 18 साल का लड़का है। हाल में ही नागमल्लैया के पुत्र ने कक्षा 10वीं की पढ़ाई पूरी की है और अब कॉलेज जाने की तैयारी कर रहा है।

# अगर किसी ने हमारी संपत्ति हड़पी तो..., यूक्रेन युद्ध के बीच रूस-यूरोप में कैसे छिड़ा है मनी वॉर?

नई दिल्ली (एजेंसी)। यूक्रेन के साथ जारी युद्ध के बीच रूस ने सोमवार को यूरोपीय देशों को सीधी चेतावनी दी है। रूस ने कहा कि वह उस यूरोपीय देश के विरुद्ध कार्रवाई करेगा, जो उसकी संपत्ति हड़पने की कोशिश करेगा।

दरअसल, हाल के दिनों में कुछ ऐसी खबरें आई हैं, जिसमें दावा किया गया है कि यूरोपीय संघ यूक्रेन की मदद के लिए सैकड़ों अरब डॉलर की ज़ब्त रूसी संपत्ति का लाभ उठाने के नए तरीके तलाश रहा है



अमेरिका ने रूस के केंद्रीय बैंक के साथ लेन-देन पर लगाई रोक- बता दें कि रूस और यूक्रेन के बीच शुरू हुए संघर्ष के तुरंत बाद अमेरिका और उसके सहयोगियों ने रूसी केंद्रीय बैंक और वित्त मंत्रालय के साथ लेन-देन पर रोक लगा दी। इस दौरान 300-350 अरब डॉलर की संप्रभु रूसी संपत्ति को यूरोपीय प्रतिभूति डिपॉजिटरी में जमा कर दिया। इसमें अधिकांश यूरोपीय, अमेरिकी और ब्रिटिश सरकारी बॉन्ड है।

समाचार एजेंसी रॉयटर्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन चाहती हैं कि यूरोपीय संघ यूरोप में जब्त रूसी संपत्तियों से जुड़े नकद शेष का उपयोग करके रूस के विरुद्ध यूक्रेन की रक्षा के लिए धन जुटाने का एक नया तरीका खोजे।

वहीं, पोलिटिको की एक रिपोर्ट में कहा गया कि यूरोपीय आयोग यूक्रेन के लिए क्षतिपूर्ति ऋण के वित्तपोषण के लिए रूस के स्वामित्व वाले परिपक्व बॉन्ड से यूरोपीय केंद्रीय बैंक में रूसी नकद का उपयोग करने पर विचार कर रहा है।

## झुलसी इमारतें, टूटे-फूटे कंप्यूटर...हिंसक प्रदर्शन के बाद नेपाल में फिर खुले सरकारी दफ्तर



नई दिल्ली (एजेंसी)। नेपाल में भड़की हिंसा के बाद हालात एक बार फिर सामान्य होने लगे हैं। लोगों ने दफ्तरों का रुख करना शुरू कर दिया है। टूटी-फूटी इमारतों और खराब पड़े कंप्यूटरों के बीच कर्मचारियों ने मोर्चा संभालना शुरू कर दिया है।

काठमांडू के ज्यादातर सरकारी दफ्तर अब खुल चुके हैं। नेपाल में हिंसा के बाद पहली बार रविवार की सुबह हजारों सरकारी कर्मचारियों ने दफ्तर का रुख किया। नेपाल हिंसा में कम से कम 72 लोगों ने जान गंवा दी।

हिंसा के बाद का मंजर- नेपाल में हिंसा के दौरान ज्यादातर लोगों ने पुलिस स्टेशन और सरकारी दफ्तरों को ही निशाना बनाया था। कई जरूरी दस्तावेजों को भी भीड़ ने आग के हवाले कर दिया गया था। ऐसे में कर्फ्यू हटने के बाद रविवार को सभी मंत्रालय, बैंक और सुप्रीम कोर्ट फिर से खुल गए हैं।

नेपाल के स्वास्थ्य मंत्रालय के उपसचिव कपिल तिमालसेन के अनुसार, स्वास्थ्य मंत्रालय पूरे देश में स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाएं बनाता है। हिंसा के दौरान भीड़ ने पूरे मंत्रालय के कंप्यूटरों को एक जगह एकत्रित करके जला दिया था। दरवाजे के बाहर मौजूद सभी कारों को आग के हवाले कर दिया गया था। बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है।

## मैं कुछ नहीं कर सकता..., अमेरिका में बंद हो जाएगा टिकटॉक? US-चीन ट्रेड वार्ता के बीच ट्रंप का बड़ा बयान



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू हो गई है। दोनों देशों के बीच ये बातचीत स्पेन के मैड्रिट में हो रही है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टिकटॉक को लेकर एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की है।

दरअसल, अमेरिका में चीनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टिकटॉक को डेडलाइन जल्द ही समाप्त होने वाली है। इससे पहले टिकटॉक को जनवरी 2025 तक का ही समय दिया गया था। हालांकि, बाद में इसकी अवधि में विस्तार करते हुए 17 सितंबर तक की डेडलाइन दे दी गई।

चीन अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता- अमेरिका और चीन के बीच व्यापार वार्ता हो रही है। दोनों देशों के बीच पिछले कुछ महीनों में व्यापार युद्ध की स्थिति आ गई है। हालांकि, दूसरी तरफ राजनीतिक संबंध लगाता आगे भी बढ़ रहे हैं।

यूएस और चीन के बीच व्यापार वार्ता स्पेन में हो रही है। इस बातचीत का नेतृत्व अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और ट्रेड रिप्रजेंटेटिव जेमिसन ग्रीयर कर रहे हैं। वहीं, इस वार्ता में चीन की और से डिप्टी पीएम लिफेंग शामिल हुए हैं।

## ये बर्दाश्त नहीं किया जाएगा..., नस्लीय भेदभाव के खिलाफ PM कीर स्टार्मर ने किसे दिया अल्टीमेटम?



नई दिल्ली (एजेंसी)। लंदन में हुई दक्षिणपंथी रैली के दौरान अचानक हिंसा भड़क गई। प्रदर्शनकारियों और लंदन पुलिस के बीच झड़प देखने को मिली, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। वहीं, रविवार को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने भी इसे लेकर सख्त चेतावनी जारी की है। कीर का कहना है कि देश में किसी भी तरह का भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कीर स्टार्मर के अनुसार, लोगों के बैकग्राउंड और उनकी त्वचा के रंग के आधार पर उन्हें निशाना बनाना किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

लंदन में भड़की थी हिंसा- लंदन में शनिवार को दक्षिणपंथियों द्वारा बड़े पैमाने पर आंदोलन शुरू हुआ था। इस आंदोलन का नेतृत्व टॉमी रॉबिन्सन कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, टॉमी की अपील पर लगभग डेढ़ लाख लोग लंदन की सड़कों पर जमा हो गए थे, जिनसे पुलिस की झड़प हो गई।

26 पुलिसकर्मी घायल- ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने पुलिस अधिकारियों पर किए गए हमलों की कड़ी निंदा की है। इस हिंसक प्रदर्शन में 26 पुलिसकर्मी घायल हैं। पुलिस ने 24 लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं, अगले कुछ दिनों में लंदन पुलिस अन्य लोगों को भी हिरासत में ले सकती है।

कीर स्टार्मर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- लोगों को शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने का पूरा अधिकार है। यह हमारे देश के मूल्यों में है। मगर, जो पुलिस अधिकारी अपनी ड्यूटी कर रहे थे, उनपर हुए हमले को सही नहीं ठहराया जा सकता है।

## Kash Patel के हाथ से निकल जाएगी FBI निदेशक की कुर्सी? चार्ली किर्क की मौत के बाद क्यों उठ रहे हैं सवाल




नई दिल्ली (एजेंसी)। डोनाल्ड ट्रंप के करीबी रहे चार्ली किर्क की मौत न सिर्फ अमेरिका बल्कि पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बनी हुई है। इस हत्याकांड को FBI का सबसे बड़ा फेलियर माना जा रहा है, जिसके बाद FBI निदेशक काश पटेल को पद से हटाने के कयास लगाए जा रहे हैं।


चार्ली किर्क की हत्या के सिलसिले में काश पटेल को अमेरिकी संसद में पेश होने का आदेश दिया गया है। फॉक्स न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया कि काश से FBI निदेशक का पद वापस लिया जा सकता है। उनकी जगह एंड्रयू बेली FBI के निदेशक बन सकते हैं। आखिर इसके पीछे क्या वजह है?

शूटर की शिनाख्त- चार्ली किर्क की मौत के कुछ घंटों बाद ही FBI ने शक के आधार पर 2 संदिग्धों को हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू हुई। FBI निदेशक ने जल्दबाजी में गलत पोस्ट शेयर की, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी काश की तारीफ करते हुए कहा- मुझे FBI पर गर्व है। काश समेत सभी ने बहुत अच्छा काम किया।

हालांकि, बाद में पता चला कि दोनों आरोपी निर्दोष हैं। चार्ली किर्क को मारने वाले असली आरोपी टेलर रॉबिन्सन तक पहुंचने में FBI को 2 दिन का समय लगा।

काश पर नहीं रहा विश्वास- फॉक्स न्यूज के अनुसार, व्हाइट हाउस में ट्रंप के कई करीबियों को अब काश पर भरोसा नहीं रहा है।

## ब्रिटेन में मां-बाप ने नवजात को मार डाला? कड़ाके की ठंड में बच्ची की मौत बनी मिस्ट्री



नई दिल्ली (एजेंसी)। 2023 की बात है। नए साल की शुरुआत हुई थी और ब्रिटेन में कड़ाके की ठंड पड़ रही थी। तभी एक महिला और उसके पार्टनर ने टेंट में रात गुजारने का फैसला किया। महिला अपने साथ अपनी नवजात बच्ची को भी साथ लेकर गई। उस नन्हीं सी जान का नाम विक्टोरिया था।

सर्दियों का लुत्फ उठाते हुए महिला अपने पार्टनर और बच्ची के साथ टेंट में सो गई। अगली सुबह जब वो जागी तो ठंड की वजह से बच्ची की मौत हो चुकी थी। महिला का नाम कॉन्स्टेंस मार्टन है, जिसकी उम्र 38 साल है। वहीं, महिला के साथ टेंट में रात गुजारने वाले उसके 51 वर्षीय पार्टनर मार्क गॉर्डन को रेप केस का भी दोषी ठहराया जा चुका है। वहीं, अब विक्टोरिया की मौत के आरोप में मार्टन और मार्क को जेल की सजा सुनाई गई है।

कॉन्स्टेंट मार्टन ब्रिटेन के प्रभावशाली परिवार से ताल्लुक रखती है। उसके परिवार ब्रिटेन के शाही परिवार के भी बेहद करीब है। मार्टन की दादी ब्रिटेन की रानी एलिजाबेथ द्वितीय की बचपन की दोस्त थीं। वहीं, मार्टन के पार्टनर मार्क की बात करें तो उसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और उसे कई बार जेल भी हो चुकी है।

महिला ने कबूल किया गुनाह- विक्टोरिया की मौत के बाद मार्टन और मार्क ने उसके शव को शॉपिंग बैग में भरकर फेंक दिया था। पुलिस के सामने अपना गुनाह कबूल करते हुए विक्टोरिया ने बताया कि बेटी को जैकेट में लेकर वो टेंट में ही सो गई थी और ठंड के कारण विक्टोरिया की मौत हो गई।

# Salary Delay से परेशान हुए Spicejet के कर्मचारी




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत की सबसे सस्ती एयरलाइन कंपनियों में से एक स्पाइसजेट ने अपने कर्मचारियों के एक बड़े हिस्से को वेतन देने में देरी की है। वेतन की देरी की खबर ने कर्मचारियों को चिंता में डाल दिया है।

दरअसल, पीटीआई की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि 55,000 रुपये प्रति माह तक कमाने वाले इस कंपनी के कर्मचारियों का अगस्त का वेतन समय पर मिल गया। हालांकि, वरिष्ठ कर्मचारियों विशेषकर सहायक प्रबंधक स्तर और उससे ऊपर के कर्मचारियों की सैलरी में 10 से 15 दिनों की देरी का सामना करना पड़ रहा है।

बड़ी संख्या में कर्मचारी होंगे प्रभावित- इस संबंध में कंपनी की वित्त वर्ष 2025 की वार्षिक रिपोर्ट में बताया गया है कि इस भुगतान रणनीति से एअरलाइन के 6000 से अधिक कर्मचारियों पर सीधा असर पड़ेगा। इसमें 4,894 स्थायी कर्मचारी भी शामिल हैं।

पीटीआई ने इस मामले से जुड़े एक सूत्र के हवाले से बताया कि स्पाइसजेट ने एक बार फिर अपने कर्मचारियों को वेतन देने में देरी शुरू कर दी है। जहां 55,000 रुपये प्रति माह तक वेतन पाने वाले कर्मचारियों को समय पर भुगतान मिल रहा है। ठीक इसके उलट उससे अधिक वेतन पाने वाले बाकी कर्मचारियों को 10 से 15 दिनों की देरी से भुगतान किया जा रहा है। जिससे कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं, एअरलाइन कंपनी के प्रवक्ता ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए बताया कि एअरलाइन कुछ अन्य उद्योगों की तरह मंदी के दौरान वेतन भुगतान के लिए चरणबद्ध वितरण कार्यक्रम का पालन करती है। जहां पर भुगतान कुछ दिनों में बारी-बारी से किया जाता है।

## बेंगलुरु से सामने आई हैरान करने वाली घटना



नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। यहां पर भारतीय वायुसेना के एक इंजीनियर ने रविवार शाम को 24वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। इंजीनियर की पहचान 25 साल के लोकेश पवन के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि वह हलासुरु सैन्य क्वार्टर में रहते थे। पुलिस ने इस संबंध में बताया कि लोकश अपनी बहन के घर गए थे, जहां पर गुस्से में आकर उन्होंने यह कदम उठाया।

एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय वायुसेना के इंजीनियर लोकेश ने बेंगलुरि के प्रेस्टीज जिंदल सिटी अपार्टमेंट की 24वीं मंजिल से कूद गए। पुलिस ने बताया कि वह कल शाम को अपनी बहन लक्ष्मी से मिलने के लिए गया था। जहां पर किसी बात को लेकर दोनों के बीच काफी झगड़ा हुआ। इसके बाद मूड खराब होने के कारण उसने ऊपर से छलांग लगा दी।

घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। इसके बाद पोस्टमॉर्टम के लिए नेलमंगला पब्लिक स्कूल अस्पताल भेज दिया। इस प्रकरण में मामला दर्ज कर लिया गा है। पुलिस सभी एंगल से प्रकरण की जांच कर रही है।

## कई प्रावधानों पर रोक, लेकिन मुस्लिमों के लिए है फायदेमंद, SC के फैसले की बड़ी बातें



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 की कुछ अहम धाराओं पर रोक लगा दी है। इस फैसले को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजीजू ने लोकतंत्र के लिए बेहद अच्छा संकेत बताया। उन्होंने कहा कि इस कानून से मुस्लिम समाज को फायदा होगा और वक्फ संपत्ति के दुरुपयोग पर रोक लगेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ अधिनियम की पूरी तरह से सुनवाई रोकने से इनकार किया, लेकिन कुछ विवादित प्रावधानों पर रोक लगा दी। इनमें वह प्रावधान भी शामिल है, जिसमें कहा गया था कि केवल वही व्यक्ति जो कम से कम पिछले पांच सालों से इस्लाम धर्म का पालन कर रहा हो वह अपनी संपत्ति के रूप में दे सकेगा।

पत्रकारों से बात करते हुए किरेन रिजीजू ने कहा, सुप्रीम कोर्ट का फैसला लोकतंत्र के लिए बहुत अच्छा संकेत है। उन्होंने कहा कि नए कानून के प्रावधान पूरे मुस्लिम समाज के लिए लाभकारी होंगे। साथ ही, वक्फ बोर्ड के जरिए होने वाले दुरुपयोग और संपत्तियों पर कब्जे जैसी गड़बड़ियों पर भी रोक लग सकेगी।

रिजीजू ने कहा कि लंबे समय से वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर अवैध कब्जे और दुरुपयोह की शिकायतें आती रही हैं। सरकार का मानना है कि नए कानून से इन समस्याओं को दूर किया जा सकेगा और पारदर्शिता बढ़ेगी।

## धार्मिक विवादों को हवा देने की थी मंशा...वक्फ संशोधन में SC के फैसले पर क्या बोले कांग्रेस नेता जयराम रमेश?



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 के कुछ प्रावधानों पर रोक लगा दी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने भी सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत किया है। जयराम रमेश का कहना है कि सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले से न्याय, समानता और बंधुत्व जैसे संवैधानिक मूल्यों की जीत हुई है।

वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने इस कानून को खारिज करने से इनकार कर दिया। हालांकि, कोर्ट ने वक्फ कानून के 2 प्रावधानों में बदलाव के आदेश दिए हैं।

जयराम रमेश ने क्या कहा- सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत करते हुए कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर किया।

वक्फ़ (संशोधन) अधिनियम 2025 पर सुप्रीम कोर्ट का आज का आदेश केवल उन दलों की जीत नहीं है,जिन्होंने संसद में इस मनमाने कानून का विरोध किया था, बल्कि उन सभी संयुक्त संसदीय समिति के सदस्यों की भी जीत है जिन्होंने विस्तृत असहमति नोट्स प्रस्तुत किए थे। उन नोट्स को तब नजरअंदाज कर दिया गया था, लेकिन अब वे सही साबित हुए हैं।

सरकार पर साधा निशाना- जयराम रमेश के अनुसार, यह आदेश इसलिए जरूरी है क्योंकि यह मूल कानून के पीछे छिपी गलत मंशा को काफी हद तक विफल कर देता है। वक्फ अधिनियम में मौजूद इन धाराओं के पीछे की मंशा मतदाता को भड़काए रखना और धार्मिक विवादों को हवा देने की थी।÷

दरअसल वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 5 याचिकाओं पर आज सुनवाई हुई। वक्फ कानून में प्रावधान था कि संपत्ति के विवाद का निपटारा जिला कलेक्टर करेगा। साथ ही पांच से अधिक वर्षों तक इस्लाम धर्म का पालन करने वाले मुसलमान ही वक्फ बोर्ड का हिस्सा बन सकेंगे।

## तो पूरी प्रक्रिया रद कर देंगे, बिहार एसआईआर मामले पर SC की बड़ी टिप्पणी




नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि अगर बिहार में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के दौरान चुनाव आयोग की ओर से किसी भी तरह की गैरकानूनी प्रक्रिया अपनाई गई है, तो पूरा संशोधन अभियान रद किया जा सकता है।

अदालत ने साफ किया कि यह फैसला सिर्फ बिहार तक सीमित नहीं होगा, बल्कि गेशभर में चलने वाली सभी SIR कवायदों पर लागू होगा। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि वह मानकर चलती है कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है और कानून व नियमों का पालन कर रहा है।

आधार कार्ड पर फिर से विवाद- अदालत ने मामले की अगली सुनवाई और अंतिम बहस के लिए 7 अक्टूबर की तारीख तय की है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले सोमवार को आदेश दिया था कि बिहार में चल रही मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया के दौरान आधार कार्ड को भी 12वें वैध दस्तावेज के तौर पर स्वीकार किया जाए।

अदालत ने यह निर्देश उस समय दिया था जब शिकायतें आई थीं कि चुनाव अधिकारियों ने आधार को मानने से इनकार कर दिया था। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाला बागची की पीठ ने चुनाव आयोग की आपत्ति खारिज करते हुए कहा कि आधार नागरिकता का सबूत नहीं है, लेकिन पहचान और निवास का प्रमाण जरूर है। इसलिए इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

विपक्ष लगातार उठा रहा सवाल- बिहार में चल रही इस प्रक्रिया को लेकर विपक्षी दल लगातार सवाल उठा रहे हैं। उनका आरोप है कि कई असली मतदाताओं के नाम बिना ठीक से जांच किए ही हटा दिए गए हैं। विपक्ष का कहना है कि आयोग ने नाम जोड़ने के लिए 11 दस्तावेज तय किए हैं, लेकिन आधार कार्ड को शामिल नहीं किया जबकि यह सबसे आम पहचान पत्र है।

## मैंने बार-बार कहा हमें पास के अस्पताल ले चलो, फिर भी..., BMW हादसे में घायल अधिकारी की पत्नी का बड़ा बयान



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली छावनी मेट्रो स्टेशन के पास एक सड़क हादसे में वित्त मंत्रालय के अधिकारी नवजोत सिंह की मौत हो गई। इस हादसे में उनकी पत्नी संदीप कौर गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने एक्शन लेते हुए बीएमडब्ल्यू की महिला चालक गगनप्रीत को गिरफ्तार किया है।

दरअसल, ये घटना उस वक्त हुई, जब दंपती मध्य दिल्ली स्थित बंगला साहिब गुरुद्वारे गए और आरके पुरम स्थित कर्नाटक भवन में दोपहर का भोजन करने के बाद प्रताप नगर स्थित अपने घर जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। अब इस मामले में घायल संदीप ने बड़ा आरोप लगाया है।

एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, शुरुआती जानकारी में बताया गया है कि घायल दंपत्ती को पास के अस्पताल के बजाय 19 किलोमीटर दूर एक अस्पताल ले जाया गया। वहीं, पुलिस सूत्रों ने बताया कि जीटीबी नगर स्थित जिस न्यूलाइफ अस्पताल में दंपत्ती को ले जाया गया था, उसके सह-मालिक गगनप्रीत के पिता हैं।

मृतक वित्त मंत्रालय के अधिकारी नवजोत सिंह की घायल पत्नी संदीप कौर ने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में कहा कि वह गगनप्रीत से बार-बार उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाने का अनुरोध करती रही, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया।

गुजारिश करने के बाद भी नहीं ले गए नजदीकी अस्पताल - शिक्षिका संदीप कौर ने पुलिस को दिए अपने बयान में कहा कि मैं उनसे बार-बार गुजारिश करती रही कि वे हमें पास के अस्पताल ले जाएं। मेरे पति बेहोश थे और उन्हें तुरंत इलाज की जरूरत थी। लेकिन मेरे बार-बार कहने के बावजूद, वे हमें दूर एक छोटे से अस्पताल ले गईं।

ज्ञात हो कि 52 वर्षीय नवजोत सिंह वित्त मंत्रालय में उप सचिव के पद पर तैनात थे। संदीप कौर ने बताया कि उन्होंने हेलमेट पहन रखा हुआ था और नवजोत ने पगड़ी लगा रखी थी। संदीप ने अपने बयान में बताया कि नवजोत के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं।

hindkush.in
24x7 News portal
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com

दैनिक हिन्दकुश
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine
जागृयाम
info@jagrayam.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए। पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल दशमी


## संपादकीय

# जनसांख्यिकी (डेमोग्राफी) पर सबसे बड़ा असर डालने वाला मुद्दा अवैध प्रवासन बन चुका है



वैश्विक स्तरपर 21वीं सदी में अंतरराष्ट्रीय राजनीति, सामाजिक स्थिरता और जनसांख्यिकी (डेमोग्राफी) पर सबसे बड़ा असर डालने वाला मुद्दा अवैध प्रवासन बन चुका है। एक ओर जहां मानवाधिकार संगठनों का मानना है कि हर व्यक्ति को बेहतर जीवन जीने का अवसर मिलना चाहिए, वहीं दूसरी ओर विभिन्न देशों की सरकारें और नागरिक यह तर्क दे रहे हैं कि अनियंत्रित प्रवास उनके संसाधनों, रोजगार, संस्कृति और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन गया है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यहमानता हूं कि यही कारण है कि अमेरिका से लेकर यूरोप और भारत तक,हर जगह यह बहस तेज है कि अवैधप्रवासियों को रोका जाए, उन्हें निर्वासित किया जाए या फिर किसी सीमा तक उन्हें बसने की अनुमति दी जाए।यूरोप और अमेरिका दोनों में एक धारणा तेजी से फैल रही है- ग्रेट रिप्लेसमेंट थ्योरी।इस थ्योरी के मुताबिक, बड़ी संख्या में आने वाले प्रवासी धीरे-धीरे वहां की मूल आबादी को संख्या, संस्कृति और राजनीतिक शक्ति में पीछे छोड़ देंगे।फ्रांस में यह चिंता खास है कि मुस्लिम प्रवासी भविष्य में ईसाई आबादी से अधिक हो सकते हैं।जर्मनी और स्वीडन में विदेशी मूल के बच्चे स्थानीय बच्चों से अधिक जन्म ले रहे हैं।ब्रिटेन में लंदन और बर्मिंघम जैसे शहरों में मुस्लिम और एशियाई आबादी का प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है।यह बदलाव न केवल सांस्कृतिक टकराव बल्कि राजनीतिक अस्थिरता भी ला सकता है। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि दिनांक 13 सितंबर 2025 को,लंदन 1 लाख से अधिक लोगों के विशाल प्रदर्शन का गवाह बना। इसे ब्रिटेन के इतिहास की सबसे बड़ी दक्षिणपंथी रैली कहा जा रहा हैप्रदर्शनकारियों का तर्क है कि ब्रिटेन की पारंपरिक संस्कृति और रोजगार के अवसर प्रवासियों के कारण खतरे में हैं। इस आंदोलन को और भी बड़ा तब मिला जब टेस्ला और एक्स (पूर्व ट्विटर) के मालिक एलन मस्क ने ऑनलाइन आकर इस रैली को समर्थन दिया और दक्षिणपंथी नेता टॉमी रॉबिन्सन का पक्ष लिया।मस्क का यह कदम इंग्लैंड ही नहीं बल्कि पूरे यूरोप में इस मुद्दे को वैश्विक स्तरकी वैधता देता है। इससे साफ हो गया है कि अवैध प्रवासन अब केवल स्थानीय समस्या नहीं, बल्कि टेक्नोलॉजी, व्यापार और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति से जुड़ चुका है। भारतीय पीएम ने भी 14 सितंबर 2025 को असम में एक सभा मैं संबोधन के दौरान कहा,सरकार, घुसपैठियों को देश के साधनों-संसाधनों पर कब्जा नहीं करने देगी।भारत के किसानों, नौजवानों ,हमारे आदिवासियों का हक हम किसी को नहीं छीनने देंगे। ये घुसपैठिए हमारी माताओं- बहनों- बेटियों के साथअत्याचार करते हैं, ये नहीं होने दिया जाएगा, घुसपैठियों के माध्यम से बॉर्डर के इलाकों में डेमोग्राफी बदलने की साजिशें चल रही हैं, ये राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत बड़ा खतरा है, इसलिए,अब देश में एक डेमोग्राफी मिशन शुरु किया जा रहा है।सरकार का लक्ष्य है,घुसपैठियों से देश को बचाएंगे घुसपैठियों से देश को मुक्ति दिलाएंगे।और मैं उन राजनेताओं को भी कहना चाहता हूं, आप जो चुनौती लेकर के मैदान में आए तो,मैं सीना तान करके उसचुनौती को स्वीकार करता हूं।और लिख लो मैं देखता हूं, घुसपैठियों को बचाने में तुम कितनी ताकत लगाते हो और घुसपैठियों को हटाने में हम कैसे अपना जीवन लगा देते हैं, हो जाए मुकाबला। घुसपैठियों को बचाने के लिए निकले हुए लोगों को भुगतना पड़ेगा। मेरे शब्द सुन के रखो, यह देश उनको माफ नहीं करेगा चूँकि घुसपैठियों के विरुद्ध भारत अमेरिका से लेकर यूरोप तक एलान-ए- जंग अवैध प्रवासन- अमेरिका से यूरोप और भारत तक एक अंतरराष्ट्रीय संकट इसीलिएआज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,घुसपैठिया ञ्च ग्लोबल एजेंडा।

# केसरबाई केरकर



केसरबाई केरकर भारत की प्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका थीं। वे जयपुर घराने के संस्थापक उस्ताद अल्लादिया ख़ाँ की शिष्या थीं। यह भी हैरान करने वाली बात है कि सिर्फ आठ साल की उम्र में ही केसरबाई केरकर ने संगीत की शिक्षा लेना शुरू कर दिया था और गाना शुरू कर दिया था। केसरबाई केरकर को कला क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा सन 1969 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। एक और बहुत बड़ी उपलब्धि केसरबाई केरकर के नाम है। उनका गीत जिसका शीर्षक है जात कहाँ हो... को अंतरिक्ष यान वायजर 1 और वायजर 2 की मदद से अंतरिक्ष में भेजा गया है।

## परिचय

पुर्तगालियों के अधीन गोवा के केरी गाँव में केसरबाई केरकर का जन्म 13 जुलाई, सन 1892 को हुआ। उन्हें आधुनिक शैली के संस्थापक कलाकारों में से एक माना जाता है। गोवा के छोटे से ताल्लुका पोंडा के गांव केरी से निकलकर केसरबाई केरकर अपने परिवार के साथ महाराष्ट्र के कोल्हापुर में आ गई थीं। यहां से ही उन्होंने उस्ताद करीम ख़ान की शार्गिदी में सुरों को पहचाना और उनकी बारीकियों पर अपनी पकड़ बनानी शुरू की। कुछ समय बाद वो वापस अपने गृहनगर में स्थित लामगांव वापस गई और गायक रामाकृष्णाबुवा वाजे से संगीत की आगे की शिक्षा ली।

## आगे की शिक्षा

ये वो दौर था, जब भारत के दूर-दराज से लोग बॉम्बे प्रजीडेंसी पहुंचते थे। उस वक्त बॉम्बे एक व्यापारिक केंद्र के रूप में खुद को स्थापित भी कर चुका था। यहां पर सुविधाएं भी थीं और अपनी कला को दूसरों तक पहुंचाने का ये एक अहम जरिया भी था। 16 वर्ष की उम्र में केसरबाई केरकर अपने अंकल और मां के साथ दोबारा बॉम्बे वापस आईं। उनके गायन शैली से प्रभावित होकर बॉम्बे के एक स्थानीय व्यापारी सेठ विठ्ठलदास द्वारकादास ने उनकी आगे पढ़ाई में मदद की। इस मदद से उन्होंने उस्ताद बरकतुल्लाह ख़ान से आगे की शिक्षा हासिल की। उन्होंने ख़ान से गायन की दूसरी बारीकियां भी सीखीं। बरकतुल्लाह पटियाला रियासत के बड़े संगीतकार थे और सितारवादक भी थे।

## प्रोफेशनल शुरुआत

बरकतुल्लाह ख़ान ने लगातार दो वर्ष तक केसरबाई केरकर को संगीत के विभिन्न आयाम सिखाए। इसके बाद उनके गुरू मैसूर रियासत के सबसे बड़े सगीतज्ञ बन गए थे। केसरबाई ने भास्करबुवा बाखले से भी संगीत की शिक्षा हासिल की थी। केसरबाई ने करीब 11 वर्षों तक उस्ताद अल्लादिया ख़ान से भी संगीत की शिक्षा हासिल की। ये उस दौर के सबसे बड़े उस्तादों में से एक थे और जयपुर अतरौली घराने के संस्थापक भी थे। सन 1930 में केसरबाई केरकर ने प्रोफेशनल सिंगर के तौर पर शुरुआत की। वे बतौर शार्गिद 1946 तक उस्ताद अल्लादिया से जुड़ी रहीं। सन 1946 में उस्ताद का निधन हो गया।

## कई आयाम स्थापित किए

केसरबाई केरकर ने अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए कई आयाम स्थापित किए। आगे चलकर किशोरी अमोनकर, गंगुबाई हंगल और हीराबाई बरोडकर ने उनकी गायन शैली को आगे बढ़ाया। केसरबाई केरकर ने उस वक्त विश्व विख्यात एचएमवी के लिए रिकॉर्डिंग दी। उन्होंने खुद ख़्याल गायिका के तौर पर स्थापित

## नासा के द साउंड्स ऑफ़ अर्थ में केसरबाई की आवाज़



भारतीय शास्त्रीय संगीत को एक अलग पहचान दिलाने के कारण ही साल 1977 में नासा की तरफ से भेजे गये वोयाजर 1 अंतरिक्ष यान में 12 इंच की सोने की परत चढ़ी तांबे की डिस्क है, जिसमें बीथोवेन से लेकर बाख से लेकर मोजार्ट तक के गाने हैं, जिसे विश्व सांस्कृतिक विविधता की झलक मिलती है। इन गानों को अमेरिकी खगोलशास्त्री कार्ल सागन के जरीए काफी गहनता के साथ चुना गया है। जिसे द साउंड्स ऑफ़ अर्थ एल्बम का नाम दिया गया है। जिसमें भारतीय आवाज़ के तौर पर हिदुस्तानी शास्त्रीय संगीत में हिंदुस्तानी गायिका सुरश्री केसरबाई केरकर की आवाज़ भी है।

## सम्मान व पुरस्कार

संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, भारत सरकार, 1935

पद्म भूषण, 1969

गुरु रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा सुरश्री की उपाधि

## मृत्यु

केसरबाई केरकर का 16 सितंबर, 1977 को देहांत हुआ।

# इस साल के अंत में इतनी बढ़ेगी सोने की कीमत, UBS ने क्या दिया टारगेट प्राइस?



नई दिल्ली (एजेंसी)। सोना सिर्फ निवेश का जरिया नहीं है, बल्कि इससे लोगों की भावनाएं भी जुड़ी होती है। वैश्विक अस्थिरता और कई कारणों के चलते सोने की कीमत में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। कुछ महीने सोने की कीमत 1 लाख प्रति 10 ग्राम से भी नीचे थी।

सोना आए दिन एक नया रिकॉर्ड बना रहा है। इस बीच इंटरनेशनल वित्तीय संस्थान UBS की ओर सोने को लेकर टारगेट प्राइस दिया गया है।

इस साल के अंत में कितनी होगी कीमत- इंटरनेशनल वित्तीय संस्थान UBS ने बताया की इस साल के अंत तक 24 कैरेट सोने की कीमत 3800 डॉलर प्रति ओनस हो जाएगी। इसका मतलब है कि इसमें 300 डॉलर प्रति ओनस की बढ़ोतरी देखी जा सकती है। ये आंकड़े यूबीएस की ओर से शुक्रवार को दिए गए थे।

अगर भारतीय रुपयों में बात करें तो ब्रूक का कहना है कि इस साल के अंत तक सोने का भाव 11795.4 रुपये प्रति ग्राम पहुंच सकता है। अगर 10 ग्राम में देखें तो इसकी कीमत 117954 रुपये हो सकती है।

इसके अलावा साल 2026 के मिड तक सोने की कीमत 121058 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकती है। आइए अब जानते हैं कि अभी सोने का भाव क्या चल रहा है।

कितना है सोने का भाव- IBJA में 24 कैरेट सोने की कीमत 109707 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। अभी दोपहर 3.49 बजे एमसीएक्स में 10 ग्राम सोने का भाव 109,125 रुपये दर्ज किया गया है। इसमें अभी 245 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट देखी जा रही है।

सोने ने अब तक 108,900 रुपये प्रति 10 ग्राम का लो रिकॉर्ड और 109,359 रुपये प्रति 10 ग्राम का हाई रिकॉर्ड बनाया है।ऊपर दी गई टेबल के अनुसार 12 सितंबर के दिन रायपुर में सबसे सस्ता सोना मिल रहा है। यहां 24 कैरेट सोने की कीमत 107,360 रुपये प्रति 10 ग्राम है। इसके अलावा सोने की कीमत सबसे ज्यादा भोपाल और इंदौर में है। इसके अलावा चांदी की बात करें तो कानपुर में चांदी आज सबसे सस्ती है। इसके अलावा सबसे महंगी चांदी चंडीगढ़ में मिल रही है। यहां 1 किलो चांदी की कीमत 123,340 रुपये है।

## बोली में अदाणी को हरा दिया, लेकिन खुद की कंपनियों को लेकर फंसे अनिल अग्रवाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। मेटल किंग के नाम से मशहूर अरबपति कारोबारी अनिल अग्रवाल ने हाल ही में जयप्रकाश एसोसिएट्स की नीलामी में ऊंची बोली लगाकर अदाणी ग्रुप को पटखनी दे दी थी। लेकिन, उनकी मूल कंपनी वेदांता लिमिटेड के डिमर्जर का प्लान फिर से टलता नजर आ रहा है। खबर है कि माइनिंग कारोबारी अनिल अग्रवाल के वेदांता समूह को 5 सूचीबद्ध कंपनियों में विभाजित करने की महत्वाकांक्षी योजना को आगे चलकर कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा, और एक बार फिर से इसकी टाइमलाइन बढ़ सकती है। दरअसल, सितंबर में डीमर्जर पर बड़ा फैसला होने की उम्मीद थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अब इस पर संकट के बादल मंडराते नजर आ रहे हैं।

वेदांता लिमिटेड ने 2023 में पहली बार डीमर्जर की योजना को सामने रखा था। दरअसल, वेदांता को होल्डिंग कंपनी बनाकर इस समूह की एल्युमीनियम, ऑयल एवं एनर्जी, बिजली और इस्पात जैसे क्षेत्रों में अपने व्यवसायों को अलग से सूचीबद्ध संस्थाओं में विभाजित करनी प्लानिंग है। शुरुआत में, इस प्रोसेस के 2024 के अंत तक पूरा होने की उम्मीद थी, फिर इसे मार्च तक के लिए टाल दिया गया और इसके बाद सितंबर तक के लिए रिवाइज्ड किया गया।

## फूड डिलीवरी कंपनी ने NSE कैश मार्केट में मारी बाजी, म्यूचअल फंड भी पड़े इस शेयर के पीछे




नई दिल्ली (एजेंसी)। Eternal (पूर्व में जोमैटो) ने अगस्त महीने में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के कैश मार्केट में सबसे ज्यादा कारोबार वाले शेयर का मुकाम हासिल किया है। कंपनी ने लिस्टिंग के बाद पहली बार यह टॉप जगह बनाया है। जुलाई में यह पांचवें स्थान पर थी। बता दें कि इसके शेयर ने 6 महीने में 60 फीसदी तक रिटर्न दिया है।

अगस्त में Eternal का कैश मार्केट टर्नओवर 42,890 करोड़ रहा, जो जुलाई के 28,298 करोड़ की तुलना में 51.6% अधिक है।

हालांकि अगस्त में ह्रस्व के कैश मार्केट टर्नओवर में 18.7% की गिरावट आई और यह घटकर 17.8 लाख करोड़ पर पहुंच गया, लेकिन टॉप 10 शेयरों का टर्नओवर 7.4% बढ़कर 2.66 लाख करोड़ हो गया। इन शेयरों का कुल मिलाकर मार्केट शेयर भी 11.3व से बढ़कर 15% हो गया।

NSE की रिपोर्ट के मुताबिक, HDFC Bank जो पिछले तीन महीनों से टॉप पर था, तीसरे स्थान पर खिसक गया, जबकि Bharti Airtel नौवें से दूसरे स्थान पर पहुंच गया। टॉप-3 शेयरों के कारोबार में 23% मंथली बढ़ोतरी हुई और इनका संयुक्त मार्केट शेयर 6% हो गया।

म्यूचुअल फंड्स की पसंद बन रहा Eternal - तेजी से बढ़ते भावों के बीच Eternal Ltd अब म्यूचुअल फंड्स के सबसे पसंदीदा शेयरों में शामिल हो गया है। अगस्त अंत तक 43 म्यूचुअल फंड्स ने कंपनी में 71,746 करोड़ मूल्य के 22.9 करोड़ अतिरिक्त शेयर खरीदे है।

तुलना में, HDFC Bank अब भी म्यूचुअल फंड्स की सबसे बड़ी होल्डिंग है, जिसमें 45 फंड्स का संयुक्त निवेश 3.13 लाख करोड़ है। नुवामा के अनुसार, अगस्त के अंत तक म्यूचुअल फंड्स के पास इटरनल के 225.60 करोड़ शेयर थे, जबकि जुलाई में उनके पास 202.70 करोड़ शेयर थे।

## हर शेयर पर बंपर 160 रुपए का डिविडेंड दे रही ये कंपनी, स्टॉक खरीदने की मची लूट



नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र स्कूटर्स के शेयर की कीमत सोमवार, 15 सितंबर को करीब 3 फीसदी तक बढ़ी। इसके पीछे की वजह कंपनी के 160 रुपये प्रति शेयर अंतरिम डिविडेंड की घोषणा रही। निदेशक मंडल ने प्रति शेयर 160 (1600%) का अंतरिम डिविडेंड घोषित किया है। डिविडेंड की रिकॉर्ड डेट सोमवार, 22 सितंबर, 2025 तय की गई है। डिविडेंड की रकम पात्र शेयरधारकों को सोमवार, 13 अक्टूबर, 2025 को या उसके आसपास भेज दी जाएगी। इससे पहले, महाराष्ट्र स्कूटर्स ने 60 प्रति शेयर के डिविडेंड की घोषणा की थी, जो 30 का अंतिम डिविडेंड और 30 का विशेष डिविडेंड था। इन दोनों डिविडेंडों के लिए रिकॉर्ड डेट 27 जून, 2025 थी।

पिछले 12 महीनों में महाराष्ट्र स्कूटर्स ने प्रति शेयर 170 के इक्विटी डिविडेंड की घोषणा की है।

महाराष्ट्र स्कूटर्स ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के लिए अपने वित्तीय प्रदर्शन में तेज बदलाव दर्ज किया, जिसमें पिछले वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट में 328.09 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 35.36 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई।

# 2035 तक मैन्युफैक्चरिंग जीडीपी 100 अरब डॉलर बढ़ा सकता है AI

नई दिल्ली (एजेंसी)। नीति आयोग ने सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा है कि विभिन्न उद्योगों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को तेजी से अपनाने से वर्कफोर्स की उत्पादकता और दक्षता बढ़ेगी। इससे 2035 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 500-600 अरब डॉलर का योगदान हो सकता है। आयोग ने 'विकसित भारत के लिए एआई- त्वरित आर्थिक विकास का अवसर' शीर्षक से यह रिपोर्ट जारी की है। इसमें कहा गया है कि अगले एक दशक में, विभिन्न क्षेत्रों में एआई को अपनाने से विश्व अर्थव्यवस्था में 17-26 ट्रिलियन (लाख करोड़) डॉलर की वृद्धि होने की उम्मीद है।

रिपोर्ट में कहा गया है, विशाल STEM वर्कफोर्स, आरएंडडी इकोसिस्टम का विस्तार




और बढ़ती डिजिटल एवं तकनीकी क्षमता के बल पर भारत वैश्विक AI मूल्य का 10-15 प्रतिशत प्राप्त कर सकता है। आयोग का आकलन है कि एक तरफ AI अनेक नई भूमिकाएं सृजित करेगा, तो दूसरी तरफ यह अनेक मौजूदा नौकरियों को विस्थापित भी करेगा, खास कर क्लर्क, रूटीन और कम कौशल वाले क्षेत्रों में।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का जीडीपी में योगदान- रिपोर्ट में कहा गया है, विभिन्न इंडस्ट्री सेक्टर में एआई को तेजी से अपनाना 2035 तक भारत की जीडीपी में 500 से 600 अरब डॉलर का अतिरिक्त योगदान कर सकता है। फाइनेंशियल सर्विसेज और मैन्युफैक्चरिंग को सबसे अधिक लाभ होगा। उनकी सेक्टोरल जीडीपी में एआई का योगदान 20-25 प्रतिशत तक हो संभव है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मैन्युफैक्चरिंग में एआई के नेतृत्व में उत्पादकता और दक्षता में सुधार से 2035 तक 85-100 अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हो सकती है। एआई-आधारित उत्पादकता और दक्षता में सुधार से वित्तीय सेवाओं में 50-55 अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हो सकती है।

एआई विसंगति पहचान की एडवांस तकनीक और गोपनीयता बरतने वाले एनालिटिक्स के माध्यम से ऑटोमेटेड कंप्लायंस, धोखाधड़ी का पता लगाने और जोखिम प्रबंधन को मजबूत बना सकता है। एआई सक्षम प्रणाली कर्ज देने के निर्णय, कलेक्शन और पोर्टफोलियो प्रबंधन को नया रूप दे सकती है। वैकल्पिक डेटा स्रोतों का लाभ उठाकर बैंक अधिक सटीक और समावेशी निर्णय ले सकते हैं।

## गोल्ड खरीदना हो या भरना हो क्रेडिट कार्ड का बिल, अब यूपीआई से रोज कर सकेंगे 10 लाख तक के ट्रांजैक्शन!




नई दिल्ली (एजेंसी)। त्योहारी सीजन आने ही वाला है और शॉपिंग का माहौल पहले से ही गर्म है। ऐसे समय में अगर आप गोल्ड ज्वैलरी खरीदने की सोच रहे हैं या फिर क्रेडिट कार्ड से भारी-भरकम पेमेंट करते हैं, तो यह खबर आपके लिए किसी तोहफे से कम नहीं।

नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने अब UPI से पर्सन-टू-मर्चेंट भुगतानों की लिमिट बढ़ाकर 10 लाख रुपए कर दी है। यह बदलाव 15 सितंबर यानी आज से लागू हो चुका है। इसका मतलब है कि चाहे आप लाखों का बिजनेस कर रहे हों या त्योहारों पर महंगी ज्वैलरी और गैजेट्स खरीद रहे हों, अब कैश या बैंक ट्रांसफर की झंझट से छुटकारा मिल गया है।

15 सितंबर से क्या बदल गया- गहनों की खरीदारी- पहले UPI से सिर्फ 1 लाख रुपए तक की ज्वैलरी खरीद सकते थे। अब लिमिट बढ़कर 2 लाख रुपए प्रति ट्रांजैक्शन और 6 लाख रुपए डेली हो गई है।

क्रेडिट कार्ड बिल- अब प्रति ट्रांजैक्शन 5 लाख रुपए और डेली 6 लाख रुपए तक UPI से पेमेंट कर सकेंगे।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# मरीजों की सुरक्षा को लेकर एक और बड़ी लापरवाही

## जबलपुर में चूहों ने मरीजों के कुतरे पैर, अस्पताल के मानसिक रोग विभाग की घटना

जबलपुर। मरीजों की सुरक्षा को लेकर एक और बड़ी लापरवाही नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सामने आई है। अस्पताल के मानसिक रोग विभाग में भर्ती तीन मरीजों को चूहों ने बुरी तरह से काट लिया। यह घटना तब हुई जब पिछले एक महीने से विभाग में चूहों के आतंक की लगातार शिकायतें मिल रही थीं, लेकिन अस्पताल प्रशासन ने इसे रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। यह घटना इंदौर के एमवाय अस्पताल में चूहों के काटने से दो मासूमों की मौत के बाद जारी की गई चेतावनियों को नजरअंदाज करने का सीधा परिणाम है।





**पहले मां फिर बेटे की पैर कुतरी-** मिली जानकारी के मुताबिक, सिहोरा निवासी 25 वर्षीय रजनी बेन, श्रीधाम गोटेगांव के 50 वर्षीय सरोज मेहरा और उनके बेटे जगदीश मेहरा इस लापरवाही के शिकार बने। मरीजों के स्वजनों ने बताया कि विभाग में चूहों का इतना आतंक है कि वे रात के समय मरीजों को काट रहे हैं। जगदीश मेहरा ने अपनी आपबीती सुनाते हुए बताया, ÷मैंने अपनी मां सरोज मेहरा को सोमवार को इलाज के लिए भर्ती कराया था। दो दिन बाद ही चूहों ने उनकी एड़ी काट ली। अगले दिन, चूहों ने मेरे पैरों को भी नहीं छोड़ा और एड़ी पर हमला कर दिया। रजनी यादव के परिजनों ने बताया कि चूहों ने उनके दोनों पैरों की एड़ियों को कुतर दिया है। तीनों मरीजों को मेडिकल कॉलेज में ही प्राथमिक उपचार दिया गया है, लेकिन इस घटना ने अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**समस्या बताई फिर भी नहीं हुआ समाधान-**यह घटना केवल एक आकस्मिक दुर्घटना नहीं, बल्कि अस्पताल प्रशासन की घोर लापरवाही का नतीजा है। मरीजों के स्वजनों का कहना है कि उन्होंने कई बार विभाग प्रमुख और अन्य अधिकारियों को चूहों की समस्या से अवगत कराया था, लेकिन उनकी शिकायतों को लगातार अनदेखा किया गया। जगदीश मेहरा ने रोष व्यक्त करते हुए कहा, ÷हम इलाज के लिए अस्पताल आए थे, लेकिन यहां हमारी जान खतरे में पड़ गई है। जब हमने अधिकारियों से शिकायत की तो वे सिर्फ आश्वासन देते रहे। क्या प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है?

**चिकित्सा विभाग के निर्देशों की अनदेखी-**यह घटना इसलिए भी अधिक गंभीर है क्योंकि यह इंदौर के एमवाय अस्पताल में हुई दुखद घटना की याद दिलाती है, जहां चूहों के काटने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई थी। उस घटना के बाद चिकित्सा विभाग ने सभी अस्पतालों को चूहों और अन्य कीड़ों को नियंत्रित करने के लिए सख्त निर्देश जारी किए थे। इसके बावजूद, जबलपुर के इस प्रतिष्ठित अस्पताल में इन निर्देशों का पालन नहीं किया गया। यह दर्शाता है कि सरकारी अस्पतालों में मरीज की सुरक्षा को लेकर अभी भी गंभीरता की कमी है।

स्वजनों और स्थानीय लोगों में गहरा रोष

इस घटना के बाद मरीजों के स्वजनों और स्थानीय लोगों में गहरा रोष है। वे दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इस मामले की तत्काल जांच होनी चाहिए कि आखिर किन कारणों से अस्पताल में चूहों को नियंत्रित करने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई। यह घटना स्वास्थ्य सेवा में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनदेखी की एक और मिसाल है, जिसकी जांच होना बेहद आवश्यक है।

## रोड क्रास कर रहे पुलिस एएसआई को कार ने मारी टक्कर, मौके पर हो गई मौत



छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। रविवार रात को नागपुर-छिंदवाड़ा मार्ग पर चंदनगांव के पास एक दर्दनाक दुर्घटना में पांढुर्णा में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) सौरभ राजपूत (30) की मौत हो गई।

तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर

यह हादसा रात करीब 10 बजे हुआ, जब सौरभ राजपूत अपने दोस्तों के साथ होटल से खाना खाकर बाहर निकले थे। उन्होंने सड़क किनारे कुछ लोगों को सांप मारते देखा और उन्हें देखने के लिए सड़क पार कर रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कार ड्राइवर गाड़ी सहित फरार हो गया। पुलिस जुटी जांच में

सौरभ राजपूत अपने पीछे अपनी पत्नी और एक 3 साल की बेटी को छोड़ गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी कार ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी की पहचान हो सके।

## शहडोल में गाली गलौज का आरोपित निकाला 2 करोड़ का ठग, जैतपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार



जैतपुर। जैतपुर पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में बांछित आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने बताया है कि अनुज शुक्ला पिता राम शिरोमणि शुक्ला निवासी ग्राम भटिया को गिरफ्तार कर लिया गया है।

बताया गया कि मुखबिर की सूचना पर जैतपुर पुलिस ने कटनी से पीछा करते करते आरोपित को शहडोल में पकड़ा।

जांच के दौरान पता चला कि आरोपित के विरुद्ध कई जिलों में धोखाधड़ी के मामले चल रहे हैं जिसमें शासकीय अधिकारियों का नाम लेकर शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम से जनता से 2 करोड़ से ज्यादा वसूले गए हैं। तीन दिन पहले जबलपुर जिले के थाना पाटन में आरोपित के विरुद्ध 55 लाख रुपए की धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

पुलिस ने बताया कि आरोपित के द्वारा सोशल मीडिया में प्रशासनिक अधिकारियों और राजनीतिक व्यक्तियों के विरुद्ध अश्लील टिप्पणी करना व रील बनाने के मामले में शिकायत दर्ज कराई गई थी।

इसी अपराध में थाना जैतपुर द्वारा गिरफ्तारी की गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी जैतपुर जियाउल हक,एएसआई लाल दास चौधरी,प्रधान आरक्षक नरेंद्र सिंह ,प्रधान आरक्षक रावेंद्र वर्मा ,साइबर सेल से अमन मिश्रा की भूमिका रही है।

## भारत-पाकिस्तान मैच के विरोध में किसान कांग्रेस नेता ने फोड़ डाली टीवी



शहडोल। रविवार की रात में भारत-पाकिस्तान मैच के के विरोध में शहडोल में भी गुस्सा देखने को मिला। नाराजगी व्यक्त करते हुए किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री शेख आबिद ने घर की टीवी तोड़कर विरोध जताया।

उन्होंने कहा कि आतंकवादियों को पनाह देने वाले देश के साथ भारत का मैच खेलना गलत है और भारतीयों को इसे नहीं देखना चाहिए।

रविवार को मैच शुरू होते ही शेख आबिद ने अपने घर की टीवी तोड़कर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया। सोमवार को यह वीडियो वायरल हो गया और इसे कई लोगों ने शेयर किया। वीडियो पर अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं।

कुछ लोग इसे सही कदम बता रहे हैं,तो कुछ लोग कह रहे हैं कि विरोध का यह नया तरीका है। सोशल मीडिया पर कई भाजपा समर्थकों ने भी गुस्से से भरी पोस्ट डाली।

उनका कहना था कि जब तक पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देता है, तब तक भारत को उसके साथ कोई खेल नहीं खेलना चाहिए।

शेख आबिद का कहना है कि देशवासियों को भी ऐसे मैचों का बहिष्कार करना चाहिए ताकि भविष्य में भारत-पाक मैच आयोजित न हों। उन्होंने कहा कि खेल से बड़ा देश और शहीदों का सम्मान है।

## अपने जनप्रतिनिधियों की लोकप्रियता का आकलन कराएगी कांग्रेस

भोपाल। विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भाजपा के हाथों मिली करारी हार से सबक लेते हुए कांग्रेस पहली बार मध्य प्रदेश में अपने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की लोकप्रियता का आकलन कराएगी। इसकी शुरुआत नगरीय निकायों से होगी और दूसरे चरण में विधायकों की लोकप्रियता का आकलन करवाया जाएगा। पहले चरण में नगरीय निकायों को इसलिए लिया गया है क्योंकि इसके चुनाव सबसे पहले वर्ष 2027 में प्रस्तावित हैं। इनके परिणाम के बाद प्रदेश में चुनावी वातावरण बनने लगेगा।

पार्टी ने तय किया है कि कार्यकर्ताओं के माध्यम से जनप्रतिनिधियों का मतदाताओं से संपर्क, संवाद और कामकाज के आधार पर पता लगाया जाएगा कि क्षेत्र में उनकी छवि कैसी है। यह भी आकलन किया जाएगा कि यदि वे लोकप्रिय या अलोकप्रिय हैं तो इसकी वजह क्या है। इसके आधार पर कांग्रेस संगठन निकायवार जनप्रतिनिधियों को बुलाएगा और उन्हें आगामी तैयारी के लिए सचेत करने के साथ मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। कांग्रेस के पांच महापौर जीतकर आए थे

प्रदेश में नगरीय निकायों के चुनाव वर्ष 2022 में हुए थे। पहली बार कांग्रेस के पांच महापौर (छिंदवाड़ा, ग्वालियर, मुरैना, रीवा और जबलपुर) जीतकर आए थे। हालांकि, नगर पालिका और नगर परिषद में अप्रत्यक्ष प्रणाली से होने के कारण अधिकतर स्थानों पर भाजपा के अध्यक्ष चुने गए। पार्टी की उम्मीद थी कि इन परिणामों का लाभ विधानसभा चुनाव में मिलेगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ।




# स्वस्थ रहने के लिए स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें और नियमित योग व व्यायाम करें-सांसद श्री पाटिल

## विधायक श्रीमती तन्वे ने कालमुखी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 50 लाख रुपए स्वीकृत करने की घोषणा की



इंदौर। संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की पहल पर संभाग के खण्डवा जिले के ग्राम कालमुखी में मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारम्भ स्थानीय सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल और विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तन्वे ने दीप प्रज्वलित कर और माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर सांसद श्री पाटिल ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार की आयुष्मान भारत योजना देश के करोड़ों गरीब परिवारों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई इस योजना के तहत गरीब से गरीब व्यक्ति भी आयुष्मान भारत योजना के तहत बड़े-बड़े शहरों के जाने माने प्राइवेट अस्पतालों में अपने आयुष्मान कार्ड की मदद से एक साल में 5 लाख रुपए तक का उपचार निःशुल्क करवा सकता है। इस अवसर पर खण्डवा कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता, जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, पुनासा के एसडीएम श्री शिवम प्रजापति, जनपद पंचायत खंडवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं सहायक कलेक्टर डॉ. श्रीकृष्णा सुशिर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत, खंडवा के एसडीएम श्री बजरंग बहादुर और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

सांसद श्री पाटिल ने इस अवसर पर कहा कि हम अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहकर और स्वस्थ जीवन शैली अपनाकर स्वस्थ रह सकते हैं, और बीमारियों से मुक्ति पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि स्वस्थ रहना है तो हमें नियमित रूप से व्यायाम और योग करना चाहिए, तथा स्वास्थ्यवर्धक भोजन करना चाहिए। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से अपील की कि आज के शिविर का भरपूर लाभ उठाएं और अपने परिवारजनों की बीमारियों का उपचार निःशुल्क करवाएं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत बड़े बड़े प्राइवेट अस्पतालों में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वृद्धजनों का एक वर्ष में 5 लाख रुपए तक का निःशुल्क उपचार करने की सुविधा सरकार ने दी है। सांसद श्री पाटिल ने कहा कि दीपावली के बाद जिला स्तर पर एक जिला स्तरीय मेगा स्वास्थ्य शिविर खण्डवा शहर में आयोजित किया जाएगा।

खण्डवा की विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तन्वे ने इस अवसर पर कालमुखी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए विधायक निधि से 50 लाख रुपए स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आयुष्मान भारत योजना लागू होने के बाद से देश के गरीब परिवारों को बड़े-बड़े प्राइवेट अस्पतालों में 5 लाख रुपए तक का उपचार निःशुल्क करवाने की सुविधा मिल गई है। इस योजना के प्रारंभ हो जाने से गरीब परिवारों को अपने परिवारजनों के उपचार के लिए अब कर्ज नहीं लेना पड़ता है।

### जिला विकास और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 18 सितम्बर को

इंदौर। जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 18 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष क्रमांक-102 में आयोजित की गई है। बैठक में कान्ह एवं सरस्वती नदी की स्वच्छता एवं साफ-सफाई को लेकर किये गये कार्यों एवं नमामी गंगे के अंतर्गत किये गये कार्यों की समीक्षा की जायेगी। साथ ही बैठक में सड़कों के सुधार के लिए किये जा रहे प्रयासों की भी समीक्षा होगी। बैठक में नगर निगम, नेशनल हाईवे, पीडब्ल्यूडी, आईडीए सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गये हैं।

### राष्ट्रभाषा हिन्दी हमारा स्वाभिमान है - मुख्यमंत्री

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय हिन्दी दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रभाषा हिन्दी हमारी पहचान है। हिन्दी हमारा स्वाभिमान है और हिन्दी से ही हमारा मान-सम्मान है। हिन्दी में आनन्द है, ज्ञान है, विज्ञान है और संस्कार है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि आइए, हम सभी अपनी राष्ट्रभाषा भाषा हिन्दी के प्रति सम्मान प्रकट करें और सदैव हिन्दी हैं हम की गर्वोक्ति का उद्घोष करें।

## इंदौर जिले में 162 सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों का हुआ प्रशिक्षण तेजस्वी कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन की दिशा में एक और कदम

इंदौर। तेजस्वी मध्यप्रदेश कार्यक्रम के अंतर्गत 9 से 12 सितम्बर 2025 तक इंदौर जिले में आयोजित चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में जिले के सभी 162 सरकारी उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षित शिक्षक आगामी शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में तेजस्वी कार्यक्रम को तीसरे वर्ष भी विद्यार्थियों तक पहुँचाने का कार्य करेंगे।

तेजस्वी मध्यप्रदेश कार्यक्रम, मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग की एक अनूठी पहल है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमशील



मानसिकता और कौशल विकसित करना है। यह परिवर्तनकारी कार्यक्रम अप्रैल 2023 में प्रारंभ हुआ और भोपाल एवं इंदौर में पायलट परियोजना के रूप में शुरू किया गया। इस दौरान 300 शासकीय विद्यालयों के 42,000 विद्यार्थी कार्यक्रम से जुड़े।

वर्ष 2024-25 में इस कार्यक्रम का विस्तार भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नरसिंहपुर और मध्यप्रदेश के 399 पीएम श्री विद्यालयों तक किया गया। वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में इंदौर जिले के 162 विद्यालयों के 19,500 विद्यार्थी, कक्षा 9 और कक्षा 11 के स्तर पर इस पहल से लाभान्वित होने जा रहे हैं। यह कार्यक्रम शासकीय विद्यालयों में लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम और उद्यम लर्निंग फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से संचालित हो रहा है।

तेजस्वी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को केवल नौकरी खोजने तक सीमित रखने के बजाय उन्हें रोजगार सृजनकर्ता बनने के लिए प्रेरित करना है। कक्षा 9 के विद्यार्थियों को समस्या समाधान परियोजना के अंतर्गत सीखने का अवसर मिलता है, वहीं कक्षा 11 के विद्यार्थी सोसाइटल एंड बिज़नस इनोवेशन चैलेंज कार्यक्रम के माध्यम से उद्यमशीलता कौशल और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक चयनित विद्यार्थी को अपने विचारों को व्यावसायिक मॉडल में परिवर्तित करने के लिए रु. 2000 की सीड मनी प्रदान की जाती है।

## मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप इंदौर में जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ के 14वें अधिवेशन एवं श्रीसंघ मिलन समारोह में हुए शामिल

इंदौर। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप ने कहा कि हम सब की पहचान परिवार से है और आज परिवार ही टूट रहे हैं, जो चिंतनीय है। जैन समाज के रक्त में उद्यमशीलता है। यह समाज जोखिम लेना जानता है इसलिये वे स्वयं का व्यापार-व्यवसाय करते हैं।

आज देश में सर्वाधिक इनकम टैक्स देने वालों में जैन समाज अग्रणी है। श्री काश्यप रविवार को इंदौर में श्री जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ के 14वें अधिवेशन एवं श्रीसंघ मिलन समारोह कार्यक्रम में अतिथि बतौर अपना सम्बोधन दे रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि जैन समाज के प्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश का सफलतम नेतृत्व भी किया है। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री श्री सुंदरलाल पटवा सहित श्री वीरेन्द्र कुमार सकलेचा आदि शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिये कई तरह की योजनाएं चला रही है। जिससे लाखों लोग लाभावित हो रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा संत, विद्वानों और साधुओं को पूरा मान-सम्मान दिया जा रहा है। संत समाज आज एक सेतु का कार्य कर रहा है। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, पूर्व मंत्री श्री ओमप्रकाश सकलेचा और श्री बृजमोहन अग्रवाल ने भी सम्बोधित किया। इसके पूर्व आचार्य विश्वरत्न महाराज के प्रवचन हुए।


## राज्य मंत्री श्री लोधी ने इंदौर में लाल बाग पैलेस के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



इंदौर। संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने इंदौर प्रवास के दौरान लाल बाग पैलेस पहुंचकर पर्यटन विभाग द्वारा किए जा रहे संरक्षण और निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्य निर्देश दिए। राज्य मंत्री श्री लोधी ने मानचित्र के माध्यम से निर्माण कार्यों की योजना की विस्तृत जानकारी ली और निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। राज्य मंत्री श्री लोधी ने पर्यटकों से लाल बाग पैलेस घूमने आने का भी आह्वान किया।

## कृषि आधारित उद्योगों के प्रोत्साहन के लिए लगाएं बहुउद्देशीय कृषि मेले : मुख्यमंत्री

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कृषि आधारित उद्योगों के प्रचार-प्रसार के लिए कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग द्वारा आपसी तालमेल से बहुउद्देशीय कृषि मेले आयोजित किए जाएं। इन मेलों में किसानों को उनकी फसल सहित अन्य सहायक उत्पादों के लाभयुक्त विक्रय एवं मार्केटिंग की जानकारियां भी दी जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि धार जिले के भैंसोला गांव में निर्मित हो रहे पीएम मित्रा पार्क से प्रदेश के कपास और रेशम उत्पादक किसानों की जीवन रेखा बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएम मित्रा पार्क से प्रदेश के 6 लाख से अधिक कपास उत्पादक किसानों को लाभ मिलने के साथ 1 लाख लोगों को प्रत्यक्ष एवं 2 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पीएम मित्रा पार्क में निवेश करने के लिए बड़ी-बड़ी



कंपनियों ने रुचि व्यक्त की है। जिस तेजी से पीएम मित्रा पार्क में निवेश के लिए कंपनियां आ रही हैं, यह हमें और बेहतर करने के लिए उत्साहित करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार की देर रात मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग की गतिविधियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पीएम मित्रा पार्क बनने से मालवा क्षेत्र के किसानों द्वारा उत्पादित कपास की खपत लोकल लेवल पर ही हो जाएगी। इससे लोगों को रोजगार मिलेगा और रॉ-मैटेरियल सप्लाई की एक पूरी चैन तैयार होगी। पीएम मित्रा पार्क प्रदेश के किसानों के लिए वरदान की तरह है। प्रदेश में निवेश करने के इच्छुक सभी निवेशकों का सरकार पलक पावड़े बिछाकर स्वागत करेगी। हम निवेशकों को सभी जरूरी मदद और सहयोग भी उपलब्ध कराऐंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सार्वजनिक/लोक उपक्रमों में निजी भागीदारी से ही देश का विकास संभव है। पीएम मित्रा पार्क में निवेशकों द्वारा किए जाने वाले पूंजी निवेश से जितनी उच्च कोटि के परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

## पत्रकारों के सुख-दुख में साथ है सरकार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि समाज को दिशा देने वाले पत्रकारों के सुख-दुख में राज्य सरकार हमेशा उनके साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनसम्पर्क विभाग द्वारा संचालित संचार प्रतिनिधियों के लिए स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना में वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भी पत्रकारों से गत वित्त वर्ष 2024-25 की तरह ही प्रीमियम लिया जायेगा। पिछले वर्ष से बढ़े हुए प्रीमियम की शेष राशि सरकार द्वारा वहन की जाएगी। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के हित में इस समूह बीमा योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख भी बढ़ाकर 27 सितंबर कर दी गई है। पहले इसकी अंतिम तिथि 22 सितंबर थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को मीडिया के लिए जारी संदेश में कहा कि अब हर वर्ष पत्रकारों से उनके द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 में जो बीमा प्रीमियम दिया गया था, प्रीमियम की वही राशि ली जाएगी। पत्रकारों से गत वित्त वर्ष की भांति प्रीमियम लेने पर राज्य सरकार पर अनुमानित 4.50 करोड़ रूपये का अतिरिक्त व्यय भार आयेगा।

जय श्री महाकाल ...



वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृगधरम वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वह्निनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम, वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकर !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में गूंजे आध्यात्मिक विचार, युवाओं को दी गई जड़ों से जुड़ने की प्रेरणा

## जीवन में गुणवत्ता पर दें ध्यान, नकारात्मक प्रभावों से बचें - सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में विशेष आयोजन

उज्जैन । सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की शलाका दीर्घा में भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय संत बाल योगी उमेशनाथजी महाराज एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज द्वारा की गई। कार्यक्रम में उन्होंने विशेष रूप से भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म और युवा पीढ़ी की जिम्मेदारियों पर अपने उद्बोधन दिया गया।




संत बाल योगी ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म का संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। मनुष्य योनि बड़ी दुर्लभता से मिलती है, इसलिए इसका सदुपयोग करते हुए समाज और राष्ट्र की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने नई पीढ़ी से आह्वान किया कि वे अपनी जड़ों से जुड़े रहें, नकारात्मक प्रभावों से बचें, गुरु की शरण में जाएं, दीक्षा लें और अपने जीवन में गुणवत्ता को प्राथमिकता दें। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी दिनचर्या में सुधार कर सुबह जल्दी उठकर पढ़ाई करने, सूर्य और तुलसी की उपासना करने, और जाति से अधिक संस्कारों को महत्व देने की प्रेरणा भी दी।

कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि गुरु उमेशनाथ जी महाराज ने लोक कल्याण को जीवन का आधार बनाया। उनका जीवन बाल्यकाल से ही संघर्षमय होते हुए भी उन्होंने सत्य, प्रेम और धर्म की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास किए। मोक्ष की बजाय लोककल्याण को प्राथमिकता देना ही उनके जीवन का मूल संदेश बना। उन्होंने समाज कल्याण में भी बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिए।

इस अवसर पर एन.सी.सी. समन्वयक डॉ. कानिया मेडा, समाजशास्त्र अध्ययनशाला की विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति उपाध्याय, एवं विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. डी.डी. बेदिया विशेष रूप से कार्यक्रम में मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन छात्र तन्मय जैन ने किया और आभार व्यक्त एन.एस.एस. समन्वयक डॉ. शेखर मेदमवार द्वारा किया गया।

# लोधी समाज उज्जैन के जिला अध्यक्ष बने अभय नरवरिया



उज्जैन। रविवार को लोधी समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक शहीद पार्क में आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से समाजसेवी एवं पूर्व युवा जिला अध्यक्ष तथा सचिव रह चुके अभय नरवरिया को लोधी समाज उज्जैन और सिंहस्थ समिति का जिला अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया।

अध्यक्ष चुने जाने पर समाज के वरिष्ठों और पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर लोधी समाज उज्जैन के मार्गदर्शक दशरथ पुरी महाराज, ट्रस्ट सचिव ओम राजपूत, अध्यक्ष सतनारायण लोधी, महिला अध्यक्ष रिता नरवरिया, पूर्व अध्यक्ष अनीता राजपूत, पूर्व युवा अध्यक्ष संजय लोधी, युवा अध्यक्ष शुभम नरवरिया,वरिष्ठ मूर्तिकार रघुनंदन नरवरिया, सुषमा मथुरिया, सपना लोधी, पूजा लोधी, मनु लोधी, नीरज राजपूत ,इंद्रेश लोधी, ऋतिक लोधी, यादव सिंह मथुरिया, जगदीश लोधी, अंकित राजपूत ,नंदकिशोर लोधी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। इस दौरान समाज की बैठक में जो सदस्य किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो पाए, उन्होंने फोन और ग्रुप संदेशों के माध्यम से अपनी सहमति जताकर नए अध्यक्ष का समर्थन किया।

जिला अध्यक्ष निर्विरोध चुने जाने पर अभय नरवरिया ने सभी समाजबंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने के लिए वे तन, मन और धन से सदैव समाज सेवा के लिए तत्पर रहेंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि वरिष्ठजनों और महिलाओं का सम्मान करते हुए वे आने वाली युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी कार्य करेंगे। अभय नरवरिया ने अंत में कहा कि समाज का प्रेम, स्नेह, सहयोग और आशीर्वाद ही उनकी असली शक्ति है और वे हमेशा समाज के लिए समर्पित रहेंगे।

## उज्जैन बास्केटबॉल टीम राज्यस्तरीय स्पर्धा में भाग लेगी




उज्जैन। इंदौर के नेशनल बॉस्केटबॉल कॉम्प्लेक्स में पचासवीं सब जूनियर राज्य स्तर बालक/बालिका वर्ग की स्पर्धा का आयोजन म.प्र. बास्केटबॉल एसोसिएशन के मार्गदर्शन में 15 से 18 सितंबर तक किया जा रहा है। जानकारी देते हुवे बास्केटबॉल के विजय बाली व ओम सारवान ने बताया कि राज्य स्तर बास्केटबॉल स्पर्धा में प्रदेश की शानदार स्पर्धा में जिला उज्जैन की टीम भी शामिल होगी। उज्जैन टीम में कर्म पांडे कप्तान, युवराज गौड, आयुष ठाकुर, हैप्पी सिंह आनंद, कपिल प्रजापत, आराध्य आदि।

# विश्व हिंदू परिषद की बैठक आयोजित



उज्जैन। विश्व हिंदू परिषद उज्जैन महानगर की आगामी कार्य योजना हेतु जिले की बैठक 13 सितंबर को माधव प्रखंड में आयोजित की गई। इसमें प्रांत एवं विभाग पदाधिकारियों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विनोद शर्मा प्रांत मंत्री, विष्णु पाटीदार विभाग मंत्री, मनोहर सिंह आंजना जिला संगठन मंत्री, ब्रज गोठी जिला उपाध्यक्ष, जसवंत सिंह ठाकुर जिला मंत्री, पिंटू कौशल विभाग धर्म प्रसार प्रमुख, दर्शन जिला सह मंत्री, ऋषभ जिला संयोजक, लवेश सह संयोजक, गोविंद कोषाध्यक्ष एवं जिला प्रखंड के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। जानकारी हरिचरण परमार जिला प्रचार प्रसार प्रमुख ने दी।

# लैंड पूलिंग योजना वापस हो



उज्जैन। सिंहस्थ क्षेत्र से लैंड पूलिंग योजना पूरी तरह समाप्त की जाए। सोयाबीन फसल का जो नाम मात्र का मुआवजा दिया गया है वह किसानों के साथ मजाक है। पूर्व वर्षों के अनुसार उचित मुआवजा दिया जाए। सोयाबीन की एमएसपी बहुत कम है यह कम से कम 5328 निर्धारित कर उस पर 672 रुपया बोनस दिया जाए। आगामी रबी फसल के लिए खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। किसानों की जहां-जहां भूमि अधिग्रहित की जा रही है वहां मुआवजा के लिए बाजार मूल्य का निर्धारण इस प्रकार किया जाए कि किसानों को वर्तमान में प्रचलित वास्तविक बाजार मूल्य का लाभ मिल सके।

उक्त मांगों के साथ एक ज्ञापन पूर्व आईएएस अधिकारी डॉ. हीरालाल त्रिवेदी राष्ट्रीय अध्यक्ष सपाक्स पार्टी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को लिखा है। सपाक्स पार्टी के प्रवक्ता जे आर माहूरकर ने बताया कि सपाक्स पार्टी ने भारतीय किसान संघ द्वारा दिनांक 17 सितंबर को किए जा रहे प्रदर्शन का समर्थन किया है।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की झूठी शिकायत के विरोध में दिया ज्ञापन

## मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ ने की मांग, झूठी शिकायत वापस लें



उज्जैन। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं संघ के पदाधिकारी पर झूठी शिकायत के सम्बन्ध में मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा उज्जैन के जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी के नेतृत्व में उज्जैन कलेक्टर के नाम तहसीलदार उद्धव देहराडी को ज्ञापन दिया गया।

मुकेश रायकवार जिला सचिव एवं सुरेश रायकवार जिला उपाध्यक्ष व कलेक्टर कार्यालय के विभागीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र परमार साथ ही कलेक्टर कार्यालय के कई कर्मचारियों की मौजूदगी में उज्जैन कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराते हुये संघ के जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी ने बताया की गणेश चतुर्थी पर प्रत्येक मोहल्लों में गणेश जी को विराजमान किया जाता है ओर पुलिस प्रशासन की अनुमति से श्री गणेश मित्र मण्डली के सदस्यों के द्वारा श्री कृष्ण कालोनी गली नंबर 04, में गणेश जी की झांकी बनाकर गणेश जी को विराजमान किया गया था। लेकिन शैलेश नागर के द्वारा आये दिन वाद विवाद किया जाता है ओर घनश्याम माली की झूठी शिकायत करके समाचार पत्र में छपवा कर स्थानांतरण की मांग की गई है। यह झूठी शिकायत से घनश्याम माली के मान सम्मान को ठेस पहुंची है। लेकिन नागर एवं घनश्याम माली के द्वारा थाने में 07.09.2025 को राजीनामा होने के बाद अखबारों में झूठी शिकायत की हैं वह गलत है इस झूठी शिकायत को वापस लेकर समाचार पत्रों के माध्यम से खण्डन करवाने की कृपा करे। इस अवसर पर वरुण परमार, कमल शाक्यवार, रवि भिलाला, संजय चौहान, प्रणय पंवार, अरुण चौहान, दिलीप पाटील, मोह . अशफाक, राकेश शर्मा, कुणाल देवड़ा, विजय रायकवार, शुभम, त्रिलोकनाथ मौर्य, आकाश सोलंकी आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी रवि चौहान ने दी।

## श्रीनाथ मंदिर गौशाला में अग्रवाल युवा मंच ने की गौ सेवा



उज्जैन। श्रीनाथ मंदिर ढाबा रोड गौशाला में अग्रवाल युवा मंच द्वारा गौ सेवा का आयोजन किया गया। गौशाला में कपासिया खली, पशु आहार, चापड, चना चूरी एवं गायों के लिए उचित दवाएं एवं नमक और गौशाला में लगने वाली अन्य सामग्री भेंट की गई।

आयुष चौधरी के अनुसार इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सत्यनारायण अग्रवाल जे.सी. मिल वाले और प्रदीप मित्तल मौजूद रहे। अध्यक्षता अग्रवाल पंचायत न्यास के अध्यक्ष निमेष अग्रवाल ने की। इस अवसर पर अग्रवाल पंचायत के न्यासी गोपाल अग्रवाल, दीपक मित्तल, शैलेंद्र मित्तल इस्कान, सीए संजय अग्रवाल आदि।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com